नईदुनिया

संविधान दिवस पर विकसित भारत युवा संवाद

कैरियर कॉलेज में युवाओं को संविधान के मूल्यों और राष्ट्र निर्माण में भूमिका के प्रति किया प्रेरित



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः संविधान दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा कैरियर कॉलेज में विकसित भारत युवा संवाद आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को संविधान के मूल्यों, लोकतांत्रिक व्यवस्था, नागरिक कर्तव्यों और विकसित भारत के निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में पद्मश्री सम्मानित डॉ. विजयदत्त श्रीधर, युवा आइकॉन डॉ. शुभम चौहान, स्पोर्ट्स आइकॉन अंजना यादव और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अजीत शुक्ला सहित कई विशिष्ट अतिथियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर राजेश गुप्ता, राज्य प्रोटोकॉल अधिकारी, जितेंद्र शर्मा, जिला परिवहन अधिकारी भोपाल, अरविंद श्रीधर और कैरियर ग्रुप के निदेशक मनीष राजोरिया भी उपस्थित रहे।

अतिथियों ने अपने अनुभवों के माध्यम से युवाओं को नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व, सकारात्मक सोच और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान के लिए प्रेरित किया। संवाद में संविधान के न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के आदर्शों पर भी चर्चा हुई।

25 दिवसीय सेवा दूत अभियान से बूथ सशक्तिकरण और जनसंवाद पर जोर

नप्र, भोपालः भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश में 1 से 25 दिसंबर तक आयोजित होने वाले सेवा दूत अभियान के तहत गुरुवार को भोपाल, चंबल, ग्वालियर एवं नर्मदापुरम संभाग के सेवा दूतों और विधानसभा समन्वयकों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास, सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। सेवा दूत देश की उपलब्धियों, सांस्कृतिक विरासत, संवैधानिक मूल्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने गरीब कल्याण, आयुष्मान भारत और अन्य योजनाओं का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का आह्वान किया।

भागवत कथा से पहले कलश यात्रा निकली



नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः राजधानी के समीपस्थ ग्राम पुरा छिंदवाड़ा में सप्त दिवसीय संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा शुक्रवार से शुरू होगी। इसी क्रम में गुरुवार को गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शुक्रवार से रोजाना दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक कथा व्यास आचार्य कुलदीप शास्त्री कथा वाचन करेंगे।

कलश यात्रा के साथ होगा श्रीमद्भागवत मानसरोवर कथा का शुभारंभ आज



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मानसरोवर समूह के संस्थापक ब्रह्मलीन श्री कमलाकांत तिवारी की पावन स्मृति में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत मानसरोवर कथा का शुभारंभ 27 नवंबर को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। मानसरोवर डेंटल कॉलेज परिसर में 3 दिसंबर तक आयोजित इस आध्यात्मिक महोत्सव में सुप्रसिद्ध कथाव्यास श्री पुण्डरीक गोस्वामी जी महाराज प्रतिदिन कथा वाचन करेंगे।

आयोजन में मुख्यमंत्री सहित मैथिली ठाकुर, जया किशोरी, प्रदीप मिश्रा और बृज बिहारी सरकार के शामिल होने की संभावना है। कलश यात्रा दोपहर एक बजे प्रारंभ होगी। इसके बाद शाम 4 से 7 बजे तक कथा होगी। कथा में 28 नवंबर को ध्रुव चरित्र, 29 को प्रह्लाद चरित्र, 30 को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 1 दिसंबर को गोवर्धन पूजा और 2 दिसंबर को रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया जाएगा। 3 दिसंबर को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक कथा विश्राम होगा और 12:30 बजे से भंडारा आयोजित किया जाएगा। सांस्कृतिक संध्याओं में पद्मश्री अनूप जलोटा, ध्रुव एवं स्वर्ण श्री तथा वृंदावन का माधवाज रॉक बैंड भक्तिमय प्रस्तुतियां देंगे।

'उज्जवल भविष्य की ओर सशक्त कदम' विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम

नवयुवक सभा के स्कूलों में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से संवाद

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः नवयुवक सभा की प्रबंध समिति ने सिंधु माध्यमिक विद्यालय, अनंदराम टी. शाहानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा किशनचंद टी. शाहानी विद्यालय के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा समिति के सदस्य पुरुषोत्तम टिलवानी ने की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया गया।

बच्चों की मनोवैज्ञानिक प्रवृत्तियों, रुचियों, व्यवहार और व्यक्तिगत समस्याओं को समझकर उन्हें मार्गदर्शन दिया गया। किशनचंद टी. शाहानी विद्यालय के प्राचार्य हरिओम शर्मा, अनंदराम टी. शाहानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या ज्योति चौहान तथा सिंधु माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से व्यक्तिगत संवाद किया।प्राचार्यों ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच अपनाने, आत्मविश्वास बढ़ाने और अपनी क्षमताओं को पहचानकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे में विशिष्ट प्रतिभा और क्षमता होती है, जिसे सही दिशा और मार्गदर्शन की आवश्यकता है। अभिभावकों से भी बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार रखने, उनकी तुलना दूसरों से न करने और अनावश्यक दबाव डालने के बजाय उन्हें प्रोत्साहित करने का आग्रह किया गया।

गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर निकली शोभायात्रा



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व पर विजयनगर सिंधी समाज उत्थान पंचायत द्वारा हरि सेवा गंगाधाम दरबार में धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह 5 बजे प्रभात फेरी निकाली गई, जबकि सुबह 9 बजे शोभायात्रा आयोजित हुई। शोभायात्रा विजय नगर, वल्लभ नगर, ओम नगर एवं सावन नगर की विभिन्न सड़कों से होकर निकली, जिसमें सैकड़ों माताओं, बहनों, पुरुषों और बच्चों ने श्रद्धाभाव से भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हीरो हिंदू, प्रभुदास मूलचंदानी और माधु घनशियानी तथा संत नरेश पारदासनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत पंचायत के संस्थापक रमेश भंभानी, मुख्य सलाहकार हीरानंद गनवानी और अशोक टिलवानी ने किया। कार्यक्रम के दौरान समाज की 50 माताओं और बहनों को उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंचायत के संस्थापक रमेश भंभानी, मुख्य सलाहकार हीरानंद गनवानी, अध्यक्ष कैलाश शर्मा, उपाध्यक्ष अशोक शोभानी, वासुदेव जेठानी, कैलाश आसवानी और ओ.पी. पोहनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जनपरिचय से शासकीय सेवाओं के लिए मिलेगी एकल लॉगिन सुविधा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः प्रदेश के नागरिकों के लिए ऑनलाइन शासकीय सेवाओं का उपयोग आसान बनाने के उद्देश्य से 'जनपरिचय-मेरी पहचान' प्लेटफॉर्म से विभिन्न शासकीय पोर्टल और मोबाइल ऐप को जोड़ा जाएगा। इसके लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 27 नवंबर को नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

कार्यशाला में विशेषज्ञ लाइव प्रदर्शन और व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से विभागीय टीमों तथा ऐप विकसित करने वाले तकनीकी विशेषज्ञों को मार्गदर्शन देंगे। इसका उद्देश्य विभिन्न विभागों के पोर्टल और मोबाइल ऐप को जनपरिचय प्लेटफॉर्म से एकीकृत करना है।

इस एकीकरण से प्रदेश के लगभग 8 करोड़ नागरिकों को 'एक नागरिक, एक लॉगिन' सुविधा मिलेगी। नागरिकों को अलग-अलग शासकीय वेबसाइट और ऐप पर पंजीयन कराने तथा कई पासवर्ड याद रखने की जरूरत नहीं होगी। एक ही लॉगिन से विभिन्न सरकारी सेवाओं का उपयोग किया जा सकेगा।

प्लेटफॉर्म पर सत्यापित प्रोफाइल होने से आवेदन के दौरान आवश्यक जानकारी स्वतः उपलब्ध होगी, जिससे समय की बचत और त्रुटियों में कमी आएगी। इसके साथ ही ऐप विकसित करने वाले तकनीकी विशेषज्ञों को अलग-अलग लॉगिन प्रणाली तैयार करने और उसका रखरखाव करने की आवश्यकता नहीं होगी। मानकीकृत तकनीकी व्यवस्था से पोर्टल और ऐप का एकीकरण आसान होगा तथा सुरक्षित प्रमाणीकरण सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

एआई युग में मानवीय रिश्तों और मानसिक स्वास्थ्य का महत्व



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव के बीच मानसिक स्वास्थ्य, मानवीय रिश्तों और आत्मविकास के महत्व को समझाने के उद्देश्य से संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट फॉर विमेन (शिम) में विशेष इंडस्ट्री एक्सपर्ट सेशन आयोजित किया गया। इसमें मुंबई के सुमन रमेश तुलसियानी चैरिटेबल ट्रस्ट के एडमिनिस्ट्रेशन एवं प्रोजेक्ट्स हेड मनीष रूपानी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए।

छात्राओं से अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए रूपानी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान सफलता प्राप्त करना सिखाते हैं, लेकिन असफलताओं का सामना करना और उनसे सीखना भी जीवन का महत्वपूर्ण कौशल है। असफलताएं स्वयं को बेहतर बनाने का अवसर देती हैं। उन्होंने 'दिव्य इच्छा' और 'दिव्य समय' का उल्लेख करते हुए कहा कि जीवन में हर घटना का अपना समय होता है। दूसरों की गति से तुलना करने के बजाय अपनी क्षमताओं और प्रयासों पर विश्वास रखना चाहिए।

डिजिटल दौर पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और तकनीक के अत्यधिक उपयोग के कारण लोग दूसरों के जीवन पर अधिक ध्यान देने लगे हैं, जिससे आत्मचिंतन और वास्तविक संवाद के लिए समय कम हो रहा है। उन्होंने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील रहने, रिश्तों में जुड़ाव बनाए रखने और तकनीक का संतुलित उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही निरंतर सीखने और प्रतिदिन स्वयं को बेहतर बनाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारमानी, ए.सी. साधवानी, ग्रुप एडवाइजर पी.एस. राठौर, संस्थान के प्रबंध निदेशक हीरो ज्ञानचंदानी, डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर सहित प्राध्यापक और छात्राएं उपस्थित रहे।

धर्मशाला निर्माण के लिए भूमि आवंटन की मांग

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः 'युवा सिंधी मंच' के अध्यक्ष जयराम नंदवानी ने शासन से मांग की है कि संत हिरदाराम साहिब के नाम पर धर्मशाला निर्माण हेतु भूमि आवंटित की जाए। उन्होंने कहा कि संत हिरदाराम नगर में अन्य सभी संत महापुरुषों की धर्मशालाएं मौजूद हैं, लेकिन यह खेद का विषय है कि जिन संत के नाम पर पूरे नगर का नामकरण हुआ है, उनके नाम पर नगर में कोई धर्मशाला नहीं है। नंदवानी की इस मांग का पूज्य सिंधी पंचायत ने समर्थन किया है।

इसके साथ ही नवयुवक सभा, थोक वस्त्र व्यवसाय एसोसिएशन, बरतन एसोसिएशन, सर्राफा एसोसिएशन और किराना एसोसिएशन सहित अनेक सामाजिक व व्यावसायिक संस्थाओं ने भी अध्यक्ष की बात का समर्थन करते हुए इस मांग को उचित ठहराया है।

मुंबई के 26/11 के हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुंबई के 26/11 हमले में राष्ट्र और मानवता की रक्षा करते हुए शहीद वीर जवानों और दिवंगत नागरिकों को श्रद्धांजलि दीं है। डॉ. यादव ने 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि यह दिन हमें इस संकल्प का स्मरण कराता है कि राष्ट्र की अस्मिता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए हम सभी को आतंकवाद के खिलाफ हर क्षण सतर्क और एकजुट रहना होगा। हमारी एकता ही हमारे देश की सुरक्षा का प्रमुख आधार है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विजय वर्मा पुत्र बद्रीलाल वर्मा निवासी 120 बायपास रोड सागर स्टेट हुजूर अयोध्या नगर भोपाल पिन कोड 462041 का पूर्व नाम विजय कुमार वर्मा मेरी मार्कशीट और पासपोर्ट में है। अब मुझे मेरे नए नाम विजय वर्मा से जाना व पहचाना जाए।

5023

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक गर्यादित शाजापुर

फोन नं. (07364)228410, 220074 Email-dechsjr@yahoo.com & chsshajapur.mp@gmail.com

क्रमांक/पर्थ/2026-27/1860 शाजापुर दि. 26/11/2026

किराये पर जीप लेने हेतु कोटेशन आमंत्रण सूचना

जिला सह. केन्द्रीय बैंक मर्या. शाजापुर से सम्बद्ध जिला शाजापुर एवं आगर मालवा की प्राथ. कृषि साख सह, संस्थाओं के कार्य क्षेत्र में ऋणी कृषकों से ऋण वसूली इत्यादि कार्यों हेतु दो डीजल जीप रकार्पिओ बोलेरो (6+1) जो अच्छी कन्डीशन की मॉडल 2020 या उसके बाद के मॉडल की टेक्सी परमिट हो, 30 जून 2027 तक किराये से लेना है। इच्छुक वाहन मालिक दिनांक 03.12.2026 समय दोप. 3.00 बजे तक कोटेशन (बंद लिफाफे में) प्रस्तुत कर सकते है। इस सम्बन्ध में अन्य शर्ते कार्यालयीन समय में प्रधान कार्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाजापुर (टंकी चौराहा) के पर्यवेक्षण कक्ष में देखी जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाजापुर

कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल

यांत्रिक विभाग, जोन क्र. 17

निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र

क्र.469/यां.वि./जोन 17/2026-27 भोपाल, दिनांकः- 25.11.2026

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु परसेन्टेज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

क्र.	निविदा क्रं.	कार्य का नाम	अनुमानित राशि	धरोहर राशि	प्रपत्र राशि	कार्य हेतु अवधि	कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर.
1	2026_UAD_546835_2	CONSTRUCTION OF CC ROAD AND RCC DRAIN ATSHANTI HOMES WARD 79 ZONE 17	14,55,850/-	10,919/-	5000/-	03 Months	MPUAD D Sor 2021,2025
2	2026_UAD_546872_2	CONSTRUCTION OF CC ROAD AND RCC DRAIN AT NEAR MANDI WALL MADARSA TO AL REHMAN MILK PALOUR NAWAB COLONY WARD 77 ZONE 17	7,38,039/-	7,380/-	2,000/-	02 Months	MPUAD D Sor 2021,2025
3	2026_UAD_546875_2	REPAIRING AND MAINTAINENCE WORK IN MULLA COLONY GOVT.SCHOOL WARD 77 ZONE 17	4,79,758/-	4,798/-	2000/-	02 Months	MPUAD D Sor 2021,2025

1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

Pranay Rathore
सहायक यंत्री (सिविल) जोन क्र. 17 नगर निगम भोपाल

सू. क्र.1067/026/027

OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION BHOPAL (MP) GARDEN SECTION) SECTION 1

NOTICE INVITING e-TENDER

N.I.T. NO.405/GS/BMC/2026 Date: 25.11.2026

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

S. No.	Tender ID.	Name of Work	Probable Amount of Contract (Rs.)	Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs)	Cost of Bid Document (In Rs)	Period of Completi on (in Months)
1	2026_UAD_551759_1	DEVLOPMENT AND MAINTAINANCE WORK OF G2,G1 PARK AT GULMOHAR WARD 51 ZONE 06	4,85,672/-	4,857/-	2000/-	01 Months
2	2026_UAD_551776_1	CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL AND PATHWAY AT HX PARK E7 ARERA COLONY BACKSIDE OF DR. LAL PATHOLOGY WARD 49 ZONE 10 (PARSHAD NIDHI 2026-27)	16,01,031/-	12,008/-	2000/-	02 Months

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. The Bid Document can be purchased only online

T.N.1061/026/027 Harshit Tiwari Executive Engineer Municipal Corporation, Bhopal

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, रुबीना सिद्दीकी (RUBINA SIDDIQUI), पत्नी श्री रिजवान हुसैन सिद्दीकी, निवासी मकान नंबर 82, सी-सेक्टर, 02 मयूर विहार कॉलोनी, अशोका गार्डन, भोपाल (मध्य प्रदेश), एतद् द्वारा शपथपूर्वक सूचित करती हूँ कि मेरा निकाह दिनांक 24/11/1996 को मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार श्री रिजवान हुसैन सिद्दीकी के साथ संपन्न हुआ था। विवाह से पूर्व मेरा नाम रुबीना मलिक था, जो विवाह के पश्चात परिवर्तित होकर रुबीना सिद्दीकी हो गया है। भविष्य में मैं इसी नाम से जानी एवं पहचानी जाऊँगी। मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरे पति के नाम की स्पेलिंग RIZVAN HUSSAIN SIDDIQUI अंकित है, जबकि सही स्पेलिंग RIZWAN HUSAIN SIDDIQUI है।जो मेरे पति के समस्त दस्तावेजों में भी दर्ज है जो सत्य व सही है जिसमें मैं सुधार करवाना चाहती हूं। मेरे वर्तमान निवास का पता बदल गया है। अतः मेरे पासपोर्ट में पूर्व दर्ज पते के स्थान पर मेरा नया वर्तमान पता अपडेट करने की कृपा करें। इसके समर्थन में आवश्यक पते का प्रमाण संलग्न है।

5022

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधाहरण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम हिन्दी भाषा में स्वरूप सिंह, अंग्रेजी भाषा में SWROOP SINGH है जो कि रेल्वे सर्विस रिकार्ड पर भी दर्ज है। किन्तु मेरे आधारकार्ड नं. 7996 5715 7691 पर गलती से सरूप सिंह व अंग्रेजी भाषा में SARUP SINGH लिखा गया है। अतः मेरा नाम हिन्दी भाषा में स्वरूप सिंह, अंग्रेजी भाषा में SWROOP SINGH ही मान्य किया जावे। तथा सूचना प्रकाशन के बाद भविष्य में इसी नाम का उपयोग करूंगा। तथा मुझे हिन्दी भाषा में स्वरूप सिंह, अंग्रेजी भाषा में SWROOP SINGH नाम से ही जाना और पहिचाना जावे।

स्वरूप सिंह, पिता श्री प्रताप सिंह
गायत्री नगर गोपाल बाग के पास डॉ अंबेडकर वार्ड कटनी म.प्र.
मो नं. 8602975682

AG

परिशिष्ट B-संख्यांक 13

जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल सत्रहवें जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश,भोपाल

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

आरसीए/179/2023

जितेन्द्र पाल शर्मा बनाम सहदेव कुमार

NEXT DATE :20-01-2027

प्रेषिती, सहदेव कुमार नौतनमल पता-म.नं. 192, न्यू सिंधी कॉलोनी भोपाल म.प्र. यह कि प्रार्थी जितेन्द्र शर्मा ने आपके विरूद्ध आरसीए/179/2023 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 19-11-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें**:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

विधान माहेश्वरी, न्यायाधीश
सत्रहवें जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश भोपाल (म.प्र.)

5021

कार्यालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग क्रमांक 1 भोपाल म.प्र

जावक क्रमांक 1898.
परिवाद क्रः 481/2026
पेशी दि. 18/12/2026

श्रीमती सरिता साबले....**परिवादी ..विरूद्ध**... श्री पुनित कुमार बिल्लथरे...**अनावेदक /विपक्षी**

प्रति, पुनीत कुमार बिल्लथर आत्मज श्री रामबाबू निवासी म. न. 72 दुर्गा चौक बरखेड़ी भोपाल म. प्र. श्रीमति सरिता सावले ने आपके विरूद्ध परिवादपत्र दायर किया है। आप इस आयोग में दिनाक 18/12/2026 को प्रातः 11:00 बजे स्वयं/अधिकृत व्यक्ति/अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर परिवाद का उत्तर पेश करें, जिन पर आप अपनी प्रति रक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा नियत दिनांक एवं समय पर उपस्थित नहीं होते हैं या उपस्थित होकर अपने मामले का कथन पेश नहीं करते हैं, तो परिवाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। आज दिनांक 26/11/2026 मेरे हस्ताक्षर एवं पीठ की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

योगेश दत्त शुक्ला
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग भोपाल 1 म.प्र.

5020

कार्यालय राजस्व-निरीक्षकवृत्त. 01 रापड़िया तहसील-कोलार, जिला-भोपाल, म.प्र.

क्रं. 01/रा.नि./2026 भोपाल, दिनांक 23/11/2026

सूचना-पत्र

प्रति, 1 श्रीमती रचना अग्रवाल पत्नी राधेश्याम गोयल राधेश्याम गोयल पुत्र स्व. गोवर्धनदास गोयल पता 28/1 रामाश्रय, श्यामला हिल्स भोपाल, 2 . नरेन्द्र कुमार गोयाल पुत्र स्व. श्री गोवर्धनदास गोयल पता 28/1 भोपाल दी भोपाल पुलिस कर्म. को हाऊसिंग सो. लिमि. द्वारा अध्यक्ष कृष्ण गुरूपुत्र छोटेलाल गुरू पता ए 9 मानसरोवर कालोनी शाहपुरा भोपाल मो. नं. 9826544426 ग्राम कोटवार दीनदयाल मेहर मो.नं. 9575308528 अशोक कुमार पुत्र खुशीलाल पता दीपडी मो. नं. 9752935130 श्री कृष्णा डेपलपर्स द्वारा भागीदार श्री पंकज वार्ष्णेय पुत्र बी के वार्ष्णेय चित्रा गोस्वामी पत्नी ज्योति कुमार गिरी पता भोपाल म.प्र.सर्वसाधारण एवं हितबद्ध पक्षकर आप सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार तहसील-कोलार, जिला भोपाल के राजस्व प्रकरण क्रं. 0255/अ-12/2026-27 में आवेदक श्रीमती रचना अग्रवाल पत्नी राधेश्याम गोयल पता 28/1रामाश्रय, श्यामला हिल्स, भोपाल 2- राधेश्याम गोयल पुत्र स्व. गोवर्धनदास गोयल द्वारा ग्राम दीपडी प.ह.न.04.रा.नि.नं. 01, रापाडिया तहसील-कोलार जिला भोपाल में स्थित भूमि खसरा क्रं. 216(S) 217, 259/218 रकबा 0.3800 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। जिसका न्यायालय के आदेश पालन में आवेदित भूमि का स्थल पर सीमांकन कर जांच प्रतिवेदन, फील्डबुक, नक्शा, सूचना पत्र के साथ न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना है। अतः आवेदित भूमि का सीमांकन की कार्यवाही दिनांक 01/12/26 को समय 11:00 बजे आवेदित स्थल पर की जायेगी। जिसके संबंध में सूचना-पत्र जारी किया गया। किसी भी प्रकार का अतिआवश्यक शासकीय कार्य आने पर सीमांकन की कार्यवाही स्थगित की जा सकती है। सूचना प्राप्ति के हस्ताक्षर करें।

राजस्व निरीक्षक कोलार

5019

कार्यालय राजस्व-निरीक्षकवृत्त. 01 रापड़िया तहसील-कोलार, जिला-भोपाल, म.प्र.

क्रं.01/रा.नि./2026 भोपाल, दिनांक 23/11/2026

सूचना-पत्र

प्रति, 1 नरेन्द्र कुमार गोयल पुत्र स्व. गोवर्धनदास गोयल पता 28/1 रामाश्रय श्यामला हिल्स श्रीमती रचना अग्रवाल पत्नी राधेश्याम गोयल, राधेश्याम गोयल पुत्र स्व.गोवर्धनदास गोयल पता 28/1रामाश्रय श्यामला हिल्स भोपाल श्री कृष्णा डेवलपर्स द्वारा भागीदार श्री पंकज वार्ष्णेय पुत्र बी. के. वार्ष्णेय चित्रा गोस्वामी पत्नी ज्योति कुमार गिरी पता भोपाल मो. नं. **9281806399** नन्नूलाल सूरज सिंह, रामचरण, मोतीलाल, विजयराम, मेवाबाई पुत्र पुत्रिया मंशाराम पता भोपाल दी भोपाल पुलिस कर्म. को हाऊसिंग सो. लिमि. द्वारा अध्यक्ष कृष्ण गुरू पुत्र छोटेलाल गुरू पता ए-9 मानसरोवर कालोनी शाहपुरा भोपाल मो. नं. 9826544426 सर्वसाधारण एवं समस्त हितबद्ध पक्षकार आप सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार तहसील-कोलार, जिला भोपाल के राजस्व प्रकरण क्रं. 0256/अ-12/26-27 में आवेदक पूनम गर्ग पत्नी विनोद गर्ग व अन्य पता 28/1 रामाश्रय श्यामला हिल्स भोपाल द्वारा ग्राम दीपडी प.ह. न. 04 रा.नि.मं. 01 रापडिया तहसील-कोलार जिला भोपाल में स्थित भूमि खसरा के 174/2(S) 175,176, 177, 178, 179,180 रकबा 1.3680 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। जिसका न्यायालय के आदेश पालन में आवेदित भूमि का स्थल पर सीमांकन कर जांच प्रतिवेदन, फील्डबुक, नक्शा, सूचना पत्र के साथ न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना है। अतः आवेदित भूमि का सीमांकन की कार्यवाही दिनांक 01/12/2026 को समय 11:00 बजे आवेदित स्थल पर की जायेगी। जिसके संबध में सूचना पत्र जारी किया गया। किसी भी प्रकार का अतिआवश्यक शासकीय कार्य आने पर सीमांकन की कार्यवाही स्थगित की जा सकती है। सूचना प्राप्ति के हस्ताक्षर करें।

राजस्व निरीक्षक कोलार

5018